सं. डीएसआईआर/एमएस/2024/05

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

(भाग-I अवर्गीकृत)

<u>विषय:मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश(मई माह,2024 हेतु</u>

<u>मई माह, 2024 की प्रमुख उपलब्धियाँ</u>

<u>वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)</u>

विकसित नए उत्पाद/प्रक्रियाएँ/प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - उच्च-प्रदर्शन एमईएमएस-आधारित कैपेसिटिव एक्सेलेरोमीटर
  - चमड़े के लेमिनेशन की निगरानी के लिए थर्मल रिबन एपरेचर सेंसर सिस्टम।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - नए प्री-ट्रीटमेंट और बायोरिएक्टर डिज़ाइन का उपयोग करके बायोगैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए खाद्य उद्योग कचरे के एनोरोबिक डाइजेशन के लिए उच्च-प्रदर्शन प्रक्रिया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - पारंपरिक डीजल इंजन संचालित प्रणालियों, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग, छोटे और सीमांत किसान वर्ग के लिए उपयुक्त विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक टिलर।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - जल में से आर्सेनिक को समाप्त करने के लिए एक यौगिक और इसके विरचन की विधि विकसित की
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - *वेलेरियाना जटामांसी* के ऐडवन्टिशस रूट कल्चर का उपयोग करके वैलेरेनिक एसिड के उत्पादन को बढ़ाने और इसके व्युत्पन्न उत्पाद के लिए किफायती प्रक्रिया विकसित की गई
  - *वेलेरियाना जटामांसी* में संवर्धित पादप वृद्धि और उन्नत द्वितीयक मेटाबोलाइट सामग्री के लिए एंडोफाइट्स-आधारित माइक्रोबियल सूत्रण।

- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - नैरिनजिनिन के साथ ग्रीन फ्लूओरिसेंट सिल्वर नैनोडोट्स का ग्रीन सिंथेसिस।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - एलसीओ और सीबीएफएस से नेफ़्थैलीन की प्राप्ति
  - जैव आधारित विलायक का उपयोग करके डीसल्फराइजेशन अध्ययन
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - विभिन्न प्रकार के स्टेंट-ग्राफ्ट एप्लिकेशंस और स्टेंट रिंग्स के लिए सुपर इलास्टिक स्टेंट रिंग्स के विनिर्माण की विधि।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - पादप से उत्पन्न स्रोतों से डेरी विकल्पों का विकास (मोज़ेरेला, चेड्डार और फ़ेटा किस्मों के लिए मक्खन प्रतिस्थापन और डेरी पनीर के विकल्प)।

लाइसेंसीकृत/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - एनीमिया का पता लगाने के लिए डिजिटल मिनिमल इनवेसिव Hb माप प्रणाली और आईओटी सक्षम फील्ड डिप्लॉयबल वॉटर टेस्टिंग किट मेसर्स प्लास्टी सर्ज इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, अमरावती, महाराष्ट्र को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - नवीन फंगल स्ट्रेन का उपयोग करके ट्रांसग्लाइकोसिलेटिंग α- ग्लूकोसिडेस के उत्पादन की प्रक्रिया - मेसर्स एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता को हस्तांतरित की गई।
  - मधुमेह हेतु भोजन – श्री पुन्ना भावना रुशी और मेसर्स रुशी डायबिटिक फूड्स, नागोले-बंडलागुडा को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - दाब प्रणाली का स्वचालित गतिक संतुलन मेसर्स इंटेक सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड, मधुरिमा हाउस, कोलकाता को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 22/05/2024 को स्यूडो-कोरियम, चमड़े जैसी सामग्री तैयार किए जाने को मेसर्स इकोश्योर पल्पमोल्डिंग टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 01/05/2024 को विभिन्न आवृत्तियों - निम्न, मध्यम और उच्च आवृत्ति विन्यास के आधार पर रव अवरोध के डिज़ाइन से संबंधित प्रौद्योगिकी सेफबैरियर इंटरनेशनल प्राइवेट

लिमिटेड, महाराष्ट्र और यूनिटेक कपलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु को हस्तांतरित की गई।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - लैवेंडर चाय और सीबक थॉर्न चाय, प्रोरिमा हेल्थ केयर जोबनेर-जयपुर, राजस्थान, भारत को लाइसेंसीकृत।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - डायहाइड्रोमिर्सीन के विरचन हेतु सतत वैक्यूम पायरोलिसिस द्वारा पिनेन का थर्मल अपघटन एरोकेमा इंग्रीडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - छद्म तने (स्यूडो स्टेम) और अनानास के पत्तों से चमड़े का विकल्प वीगन लेदर मेसर्स ऑल्टर वेव इको इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, एर्नाकुलम को हस्तांतरित।

शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या (01/05/24-31/05/24)

प्रयोगशाला/संस्थान	सीएसआईआर	मंत्रालय/सरकार/पीएसयू	उद्योग/प्रायोजित/निजी
सीएसआईआर-सीडीआरआई	01	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-सीईसीआरआई	03	शून्य	04
सीएसआईआर-सीईईआरआई	08	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-सीएफटीआरआई	19	02	01
सीएसआईआर-सीजीसीआरआई	22	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-सीआईएमएफआर	03	02	06
सीएसआईआर-सीएलआरआई	07	02	03
सीएसआईआर-सीएमईआरआई	05	05	शून्य
सीएसआईआर- सीआरआरआई	शून्य	01	04
सीएसआईआर-आईजीआईबी	01	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-आईएचबीटी	शून्य	01	शून्य
सीएसआईआर-आईआईसीबी	07	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-आईआईसीटी	शून्य	शून्य	03
सीएसआईआर-आईआईआईएम	11	शून्य	शून्य
सीएसआईआर-आईआईपी	14	01	शून्य
सीएसआईआर-एनएएल	11	05	02
सीएसआईआर-एनसीएल	01	शून्य	शून्य

सीएसआईआर- एनईईआरआई	शून्य	शून्य	02
सीएसआईआर-एनआईआईएसटी	07	01	01
सीएसआईआर-एनआईओ	06	04	01
सीएसआईआर-एनएमएल	शून्य	शून्य	01

पीएचडी में प्रवेश लेने वाले/पूरा करने वाले स्कॉलरों की संख्या (01/05/24-31/05/24)

प्रयोगशाला/संस्थान	प्रवेश लेने वाले	पूरा करने वाले
सीएसआईआर-सीडीआरआई	शून्य	08
सीएसआईआर-सीईसीआरआई	शून्य	01
सीएसआईआर-सीईईआरआई	शून्य	01
सीएसआईआर-सीएफटीआरआई	शून्य	05
सीएसआईआर-सीएलआरआई	शून्य	01
सीएसआईआर-सीएमईआरआई	शून्य	02
सीएसआईआर-एचआरडीसी	शून्य	01
सीएसआईआर-आईजीआईबी	शून्य	04
सीएसआईआर-आईएचबीटी	शून्य	01
सीएसआईआर-आईआईसीबी	01	02
सीएसआईआर-आईआईसीटी	शून्य	11
सीएसआईआर-आईआईआईएम	शून्य	05
सीएसआईआर-एनईईआरआई	शून्य	02
सीएसआईआर-एनईआईएसटी	शून्य	03
सीएसआईआर-एनजीआरआई	शून्य	01
सीएसआईआर-एनआईआईएसटी	शून्य	03
सीएसआईआर-एनआईओ	01	शून्य

हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - भारतीय हिमालयी क्षेत्र (उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश) के शहरों के जोखिम मूल्यांकन और भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में भूकंप जोखिम परिदृश्य तैयार करने की विधि के लिए दिनांक 29/05/2024 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- निर्माण के लिए भवन निर्माण सामग्री/उत्पादों में ई-अपशिष्ट और सेकेंडरी कॉपर स्क्रैप प्रसंस्करण से उत्पन्न अनुपयोगी स्लैग, Pb व Sn स्लैग तथा ईटीपी तलछट का उपयोग किए जाने हेतु दिनांक 20/05/24 को हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - संभावित सहयोग के लिए दिनांक 17/05/24 को अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर, केरल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
  - माइटोकॉन्ड्रियल इंटीग्रिटी और कैल्शियम आयन होमियोस्टेसिस के नियमन में Wat1/mLst8, टीओआर कॉम्प्लेक्स प्रोटीन की भूमिका को समझने के लिए दिनांक 25/04/2024 को डीबीटी, नई दिल्ली के साथ संगम ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - दिनांक 16/05/2024 को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने हेतु राजस्थान विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्नांकित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए:
    - आजीविका सृजन की दृष्टि से सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 13/05/2024 को ग्रासरूट्स रिसर्च एंड एडवोकेसी मूवमेंट (जीआरएएएम), मैसूरु के साथ।
    - सहयोग के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करने के लिए दिनांक 13/05/2024 को मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ), चेन्नई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - निम्नांकित करार पर हस्ताक्षर किए गए :
    - दिनांक 24/05/2024 को "डस्ट्रॉन पीसी कोल" और "धूल एवं अग्नि शमन उत्पादों (डस्ट एंड फायर सप्रेशन प्रोडक्ट्स)" के विनिर्माण और विपणन के लिए सिंट्रोन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ।
    - दिनांक 24/05/2024 को दाब प्रणाली के स्वचालित गतिक संतुलन के लिए इंटेक सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - निम्नांकित परामर्श करार पर हस्ताक्षर किए गए :
    - चमड़े के अनुप्रयोग के लिए काजू (कैश्यू नट) टेस्टा से टैनिन अर्क के मूल्यांकन हेतु दिनांक 24/05/2024 को मेसर्स वैभव ट्रेडर्स, नई दिल्ली के साथ।

- चमड़ा प्रसंस्करण के लिए मेसर्स थिरुमलाई केमिकल्स लिमिटेड के उत्पादों में से एक के मूल्यांकन और मानकीकरण के लिए दिनांक 28/05/2024 को मेसर्स थिरुमलाई केमिकल्स लिमिटेड, रानीपेट के साथ।

- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - दिनांक 02/05/2024 को अनुसंधान सहयोग, दस्तावेजों और अनुसंधान सामग्री के आदान-प्रदान के उद्देश्य से विशेषज्ञों की दीर्घकालिक और अल्पकालिक अदला-बदली के लिए सी-डैक, कोलकाता, विश्व बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए:
        - सगंधीय तेलों के क्षेत्र में सहयोग के लिए पुर्विक ग्लोबल के साथ।
        - दिनांक 11/05/2024 को सगंधीय तेलों के संबंध में सहयोग पर सामा (एसएएमए) एसेंशियल्स एस-18, सीपीएल मेंशन, गुरदासपुर रोड, पठानकोट, पंजाब के साथ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - मक्का आधारित (अनाज और बायोमास दोनों) जैव ईंधनों और जैव आधारित उत्पादों के सहयोग और संवर्धन के लिए आईसीएआर-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - दिनांक 20/05/2024 को सतत सर्वेलांस के क्षेत्र में अभिनव समाधान विकसित और प्रस्तुत करने हेतु एसएआर सेंसर के साथ सीएसआईआर-एनएएल एचएपीएस प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने के लिए मेसर्स गैलेक्सआई स्पेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनईईआरआई**
    - सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूआरएजे) और केन्द्रीय लुगदी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, गाजियाबाद (सीपीपीआरआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्नलिखित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए:
        - मेसर्स थर्मैक्स लिमिटेड, पुणे के साथ एक परामर्श परियोजना के माध्यम से भारतीय संदर्भ में, किसी अन्य कंपनी से प्राप्त 2जीई प्रौद्योगिकी का मूल्यांकन करने हेतु ।
        - राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट के साथ आपसी लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में संकाय और छात्र आवाजाही कार्यक्रम में सहयोग करने हेतु।

पेटेंटों की अद्यतन स्थिति

दायर किए गए पेटेंट			**प्रदत्त पेटेंट**			**पेटेंट अभियोजन**	
भारत	विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन)	विदेश (अनेक देश)*	भारत	विदेश* (अद्वितीय पेटेंट आवेदन)	विदेश (एकाधिक देश)*	भारत	विदेश*
21	15	22	10	07	08	15	128

*डेटा मई 2024 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बदल सकता है। अद्वितीय दायर/प्रदत्त पेटेंट अगले महीनों में भी प्रदर्शित हो सकता है यदि इस संगत आवेदन को संबंधित महीनों में दायर/प्रदत्त किया गया हो।

उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - कॉमन रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब (सीआरटीडीएच) ने 01 एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान कीं।
  - अनुसंधान प्रयोजन हेतु पशु सुविधा प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित प्रायोगिक पशुओं (कुल संख्या 798) की आपूर्ति बाहरी अनुसंधान संगठनों को की गई।
  - आईआर (इन्फ्रारेड), मास, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा प्रतिदर्शों (411) के विश्लेषण के लिए परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधा सेवा।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - सेल-आईएसपी में यूएसएम के कूलिंग बेड की वॉकिंग बीम संरचनाओं के (18) सर्पोर्टिंग कॉलम्स का नॉन-डिस्ट्रक्टिव इवैल्यूऐशन के माध्यम से पुष्टि आकलन अध्ययन।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - सीपीडब्ल्यूडी के लिए त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में भारत-बांग्लादेश सीमा सड़कों के लिए फुटपाथ के डिजाइन और सिफारिश के लिए परामर्श सेवाएं।
  - ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग के लिए पीआईयू गाजीपुर उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई सड़क टी-15 रायगढ़ से जाही तक 8 किमी लंबाई (पैकेज यूपी29135) पर निष्पादित एफडीआर से संबंधित कार्य का आकलन।
  - भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में एनएच-232 के रायबरेली-बांदा खंड के फतेहपुर बाईपास और लालगंज बाईपास पर

152.533 किमी से 285.818 किमी तक दो आरओबी के डिजाइन और ड्राइंग की जांच करना।

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, कर्नाटक के लिए एचएएल हवाई अड्डे (रनवे, टैक्सीवे; और एप्रन्स) बेंगलुरु के फुटपाथ वर्गीकरण संख्या (पीसीएन) का तकनीकी मूल्यांकन और सुदृढ़ीकरण।
- एमएसपीएल लिमिटेड कर्नाटक के लिए हेवी वेट डिफ्लेक्टो मीटर का उपयोग करते हुए कोप्पल कर्नाटक में एमएसपीएल हवाई अड्डे का पीसीएन मूल्यांकन।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - मधुमेह रोधी गतिविधि के लिए *स्वेर्टिया चिरायता, एस पर्पुरैंसेज* और *एस सिलिएटा* का मूल्यांकन।
  - *थैलिक्ट्रम फोलियोलोसम, स्वेर्टिया* प्रजातियों और *अर्नेबिया यूक्रोमा* के लक्षित और गैर-लक्षित मेटाबोलोमिक्स।
  - *पेरिस पॉलीफिला, थैलिक्ट्रम फोलियोलोसम* और *स्वेर्टिया पर्पुरैंसिसेज* की फाइटोकेमिकल जांच।
  - सीसीएसईए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिशों हेतु मुख्य नामिती के रूप में आईएईसी बैठक आयोजित की और अभिलाषी विश्वविद्यालय, मंडी के पशु गृह का निरीक्षण किया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - प्रतिदर्शों का विश्लेषण किया:
    - गैस क्रोमैटोग्राफी (67), हाई-परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (22), एफटीआईआर (84), सॉलिड स्टेट एनएमआर (59), आईसीपी (10), टीजीए (27), एएएस (05), एसईएम (55), भौतिक-रासायनिक विश्लेषण (28)
  - मेसर्स पाइनव्यू सोनीपत और मेसर्स नारंग स्क्रैप बागपत के लिए आरवीएसएफ का ऑडिट किया गया
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - इंटरमीडिएट मापांक ग्रेड कार्बन फाइबर का विकास – एनटीटीएम
  - Zn-Ni प्लेटिंग कॉम्पोनेंट लैवल प्रोसैस डेव्लपमेंट – एडीए
  - सूक्ष्म जीवों के सक्रिय निस्पंदन के लिए इलेक्ट्रोस्पन नैनोफाइबर आधारित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण – डीएसटी
  - प्राथमिक ताप एक्सचेंजर और द्वितीयक ताप एक्सचेंजर की जेट पंप दक्षता का प्रायोगिक प्रदर्शन मूल्यांकन। – एडीए

- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीवी प्रजातियों की आपूर्ति की गई तथा उद्योगों और शिक्षा जगत को सूक्ष्मजीवी पहचान सेवाएं प्रदान की गईं।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड, पारादीप (ओडिशा) में संदूषित मृदा, सतही जल और भूजल की बहाली/उपचार के लिए संदूषण का आकलन और कार्य योजना की रूप रेखा तैयार करना
  - जामनगर स्थित नयारा रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स में मौजूदा पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन और सुधार के लिए सुझाव यदि कोई हो।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - मीडियम कार्बन हाई मैंगनीज एलॉय स्टील्स की थेर्मो मिकेनिकल प्रोसेसिंग और कोल्ड रोलिंग।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई में परिचालन तापमान पर असमान पाइप परिधि वेल्डमेंट पर साइक्लिक फ्रैक्चर अध्ययन

आउटरिच गतिविधियाँ

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 06/05/2024 और दिनांक 13/05/2024 को देहरादून में राजकीय गवर्नमेंट इंटरकॉलेज सिकंदरपुर, भगवानपुर और दून हेरिटेज स्कूल का दौरा आयोजित किया गया।
  - आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 16/05/2024 को आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस), मेरठ के लिए "डिजैस्टर रिस्क रिडक्सन" के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 06/05/2024 को आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, लखनऊ के लिए वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया, इसमें 65 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 13-17/05/2024 तक क्रोमैटोग्राफी और स्पेक्ट्रोस्कोपी पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 44 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 24/05/2024 को उदयपुर जिले के जयसमंद ब्लॉक के 5 गांवों के 25 स्थानीय आदिवासी समुदायों के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया।

- दिनांक 13-24/05/2024 और दिनांक 27/05/2024-07/06/2024 के दौरान डीए आईआईसीटी, गांधीनगर, गुजरात और जेआईईटी, जोधपुर के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम **शिल्प** का आयोजन किया गया, जिसमें क्रमशः 24 और 14 प्रतिभागी शामिल हुए।
- दिनांक 04/05/2024 को बिरला शिशु विहार, पिलानी में एटीएल लैब्स के लिए जिज्ञासा सत्र का आयोजन किया गया।

- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - दिनांक 20/05/2024 को वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें 19 प्रतिभागी शामिल हुए।
  - दिनांक 31/05/2024- 14/06/2024 तक संग्रहीत खाद्य वस्तुओं के लिए फ्यूमिगेशन, प्रोफिलैक्सिस और कीट प्रबंधन तकनीकों के संबंध में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 01-03/05/2024 के दौरान सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, खुर्जा केंद्र में बोन चाइना क्रॉकरी और टेबलवेयर निर्माण पर सॉफ्ट स्किल्स और तकनीकी कौशल उन्नयन पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
  - दिनांक 31/05/2024 को नासरा हाई स्कूल, रानाघाट, नादिया, पश्चिम बंगाल में छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें 200 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर**
  - दिनांक 27/05/2024-24/06/2024 के दौरान स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियां-सिद्धांत और व्यवहार के बारे में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 49 प्रतिभागी शामिल हुए।
  - दिनांक 27-31/05/2024 के दौरान छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अभिनव सोच विकसित करने के लिए स्कूली छात्रों के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 06/05/2024 को सीएसआईआर-सीएलआरआई क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में चमड़ा-कैनवास दस्ताने बनाने के बारे में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - निम्नलिखित के छात्रों के लिए प्रयोगशाला दौरे का आयोजन किया गया
    - दिनांक 17/05/2024 को एनएसएचएम दुर्गापुर का दौरा किया गया।

        - दिनांक 09/05/2024 और दिनांक 16/05/2024 को दुर्गापुर ईश्वर चंद्र विद्यासागर पब्लिक हाई स्कूल का दौरा किया गया, इसमें क्रमशः 41 और 42 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - दिनांक 07/05/2024 को आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें 48 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - राजमार्ग इंजीनियरों/परिवहन सलाहकारों के लिए सड़क सुरक्षा ऑडिट और अन्य सड़क सुरक्षा इंजीनियरिंग से संबंधित पहलुओं पर कौशल विकास प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - 15-17/05/2024 के दौरान घरेलू सौर तापीय गैजेट्स के सिद्धांत और व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - 27-31/05/2024 के दौरान ग्रीष्मकालीन विज्ञान शिविर का आयोजन किया, इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्न के लिए प्रयोगशाला दौरा आयोजित किया गया
        - दिनांक 29/05/2024 को स्पेक्ट्रम स्कूल, पालमपुर, न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिंद्राबन, पालमपुर, धौलाधार कॉन्वेंट स्कूल, शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी और एससीवीबी गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, पालमपुर, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), इसमें 250 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 21/05/2024 को इटरनल यूनिवर्सिटी (सिरमौर) बरू साहिब (सिरमौर) और एमसीएम डीएवी कॉलेज, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), इसमें 85 प्रतिभागी शामिल हुए।
- माह के दौरान बांस संग्रहालय का दौरा किया गया, जिसमें 228 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - निम्नलिखित विषयों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
        - स्टेशन मुख्यालय योल कैंट धर्मशाला में 06/05/2024 से 05/06/2024 तक "माली", इसमें 08 प्रतिभागी शामिल हुए।
        - दिनांक 02/05/2024 को पंजाब की महिला किसान के लिए सगंधीय पौधों की कृषि और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - दिनांक 25/04/2024 को विद्यासागर विश्वविद्यालय के लिए लैब विजिट का आयोजन किया गया, इसमें 11 प्रतिभागी शामिल हुए।

- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
    - दिनांक 02-03/05/2024 को आर्मी गुडविल स्कूल, वाईन कुपवाड़ा में विज्ञान शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए रॉयल सोसाइटी ऑव केमिस्ट्री (आरएससी), यूके के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 49 प्रतिभागी शामिल हुए।
    - शैक्षणिक संस्थानों के महत्वपूर्ण अभिसरण को चिह्नित करने के लिए ओपन डे का आयोजन किया गया, जो वैज्ञानिक समझ और नवाचार को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सहयोगी प्रयास का संकेत देता है, जिसमें 500 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - दिनांक 27/04/2024 को ओक ग्रोव स्कूल, मसूरी के लिए लैब विजिट का आयोजन किया गया, इसमें 170 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनईआईएसटी**
    - यूनिटी क्रिश्चियन स्कूल- दीमापुर नागालैंड, एयरफोर्स जोरहाट, शिवसागर कॉलेज-जॉयसागर, केवी एनईआईएसटी-जोरहाट के लिए 07, 09, 13 और 17/05/2024 को छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 100 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - दिनांक 27-29/05/2024 को पॉलिमर सामग्री विज्ञान में प्रगति पर कौशल विकास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।
    - दिनांक 03-04/05/2024 को वैज्ञानिक-छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 85 प्रतिभागी शामिल हुए।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
    - 14-17/05/2024 के दौरान समुद्री शैवाल की खेती और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी पर आयोजित किया गया।
    - 20-25/05/2024 के दौरान समुद्र विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में 16 विषयों पर भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें 09 प्रतिभागी शामिल हुए।

सम्मेलन, कार्यशालाएं, प्रमुख कार्यक्रम

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
    - दिनांक 17/05/2024 को इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई के कुलपति प्रोफेसर अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित द्वारा तकनीक से प्रौद्योगिकी परिवर्तन पर 09वां सीएसआईआर-अमृत व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**

- ○ दिनांक 14/05/2024 को डॉ. शिंजिनी भटनागर, प्रोफेसर और प्रमुख, बाल चिकित्सा जीवविज्ञान (टीएचएसटीआई), फरीदाबाद द्वारा साक्ष्य से नैदानिक अभ्यास और नीति तक: प्रारंभिक प्राथमिकताएं अभिनिर्धारित करना अनुसंधान पर व्याख्यान दिया गया।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - ○ दिनांक 27/05/2024 को आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड, प्रभादेवी, मुंबई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. दीपेंद्र सिंह द्वारा "एनर्जी ट्रांजिशन मटीरियल्स एंड रेयर अर्थ्स" पर व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - ○ दिनांक 02/05/2024 को क्रिएटिंग द मैजिक ऑव एक्सपोनेंशियल ग्रोथ विद इन्क्लूसिव डेवलपमेंट एट जीटी@90 पर डॉ. आर. ए. माशेलकर, एफआरएस, पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - ○ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के तहत केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के महानिदेशक प्रोफेसर शिशिर सिन्हा द्वारा दिनांक 17/05/2024 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और सिपेट का सिंहावलोकन पर व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - ○ दिनांक 28/05/2024 को पद्मश्री डॉ. एच के गुप्ता द्वारा "अंटार्कटिका में दक्षिण गंगोत्री का निर्माण: एक चमत्कार" पर व्याख्यान दिया गया।
  - ○ दिनांक 29/05/2024 को "ओक्लाहोमा के इंट्राप्लेट भूकंप: पॉवनी 3डी सिस्मिक से अंतर्दृष्टि" पर प्रो. प्रियांक जायसवाल, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा व्याख्यान दिया गया।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - ○ दिनांक 16/05/2024 को खाद्य प्रसंस्करण और जलवायु परिवर्तन पर एनआईटी कालीकट के निदेशक डॉ. प्रसाद कृष्ण द्वारा व्याख्यान दिया गया।
  - ○ हंगरी के डेब्रेसेन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. इस्तवान पोक्सी द्वारा एस्परगिल्ली के तनाव जीव विज्ञान में 20 वर्षों के ओमिक्स आधारित शोध पर व्याख्यान दिया गया।

उच्चस्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा

- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - ○ श्री एस कृष्णन, सचिव, एमईआईटीवाई, भारत सरकार ने दिनांक 18/5/2024 को "आर्थिक विकास और सामग्री प्रौद्योगिकी" पर व्याख्यान देने के लिए दौरा किया।

- डॉ. एम. रविचंद्रन, सचिव, भारत सरकार, एमओईएस ने दिनांक 14/5/2024 को "महासागर अवलोकन के लिए प्रौद्योगिकी" पर व्याख्यान देने के लिए दौरा किया।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 30/04/2024 को भारत में नीदरलैंड की राजदूत महामहिम सुश्री मारिसा जेराईस और लखनऊ, भारत में नीदरलैंड के मानद वाणिज्य दूतावास श्री शरद थडानी ने केएलसी कॉम्प्लेक्स, उन्नाव (कानपुर) में सीएलआरआई कैटर्स परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 27/05/2024 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, कर्नाटक के माननीय राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत और माननीय सांसद, राज्यसभा श्री लेहर सिंह सिरोया ने दौरा किया।

सम्मान/पुरस्कार

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - डॉ. नम्रता रस्तोगी, प्रधान वैज्ञानिक, औषधीय एवं प्रक्रिया रसायन प्रभाग को चिरंतन रसायन संस्था (सीआरएस) द्वारा कांस्य पदक पुरस्कार 2024 प्रदान किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - डॉ. सतीश लक्काकुला, वैज्ञानिक को तेलंगाना एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा "एसोसिएट फेलो ऑव के तेलंगाना एकेडमी ऑफ साइंसेज" के रूप में सम्मानित किया गया है।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - डॉ. एस. पी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक को रासायनिक विज्ञान श्रेणी के तहत आईएनएसए एसोसिएट फेलो 2024 के लिए चुना गया है।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - डॉ. के. लक्ष्मी, प्रधान वैज्ञानिक को आईएएसट्रक्टई (इंडियन एसोसिएशन ऑव स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स), नई दिल्ली की गवर्निंग काउंसिल द्वारा उत्कृष्ट महिला स्ट्रक्चरल इंजीनियर पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया।

विभागीय गतिविधियां

डीएसआईआर का अधिदेश प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास और उपयोग के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है। देश में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और पोषित करने के लिए, विभाग का औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम उद्योगों की आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता और पंजीकरण देता है न कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ) का लाभ लेने के लिए, सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई) और समय-समय पर संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं

(समय-समय पर संशोधित) के तहत इन मान्यता/पंजीकरण को नवीनीकृत करता है जिसके आधार पर ये संगठन उद्योग द्वारा अनुसंधान एवं विकास पर(आईटी अधिनियम की धारा 35 (2एबी) के तहत) सीमा शुल्क छूट, वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) रियायतें और भारित कर कटौती प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने में सहायता करती है।

औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)

उद्योग में इन-हाउस आरएंडडी की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण

- उद्योगों की 87 इन-हाउस आर एंड डी इकाई को नई मान्यता दी गई और 87 को पंजीकरण प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया।

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (एसआईआरओ)

- 1 एसआईआरओ के पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण किया गया।

सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)

- 1 पीएफआरआई के पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण किया गया।

डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र की योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)' में चार उप-योजनाएं शामिल हैं अर्थात (i) वैकतयिक,स्टार्ट-अप्स एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं, या सेवाओं का रूप ले सकने वाले प्रदर्शन योग्य मॉडल / प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में; और उन्हें इनक्यूबेटी/तकनीकी-उद्यमी बनने में सहायता करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पेस), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास का निर्माण और सामान्य अनुसंधान सुविधाएं (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें महिलाओं हेतु प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू करने के अतिरिक्त औद्योगिक अनुसंधान के क्षेत्रों को भी आगामी अध्ययन और सम्मेलन मे शामिल किया जाएगा।

वैकतयिक, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई (प्रिज्म) में नवाचारों को बढ़ावा देना:

इस दौरान तीन नवाचार परियोजनाओं 'आयरन फ्लो मीटर', 'पारंपरिक हथकरघा का नया स्वरूप', 'ईवी अनुप्रयोगों के लिए एसआरएम के विकास' की समीक्षा की गई।

सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास हब (सीआरटीडीएच);

ऊर्जा और ऊर्जा अवसंरचना इंस्ट्रूमेंटेशन के क्षेत्र में सीएसआईआर-सीएसआईओ, चेन्नई में स्थापित डीएसआईआर-सामान्य अनुसंधान और विकास हब (सीआरटीडीएच) के लिए तीसरी परियोजना मार्गदर्शन सह समीक्षा समिति (पीजीआरसी) की बैठक 14 मई, 2024 को वर्चुअल मोड पर आयोजित की गई।

ए2के+ कार्यक्रम:

14/06/2024 से 16/06/2024 तक 'क्रियेटा 2.0, 48 घंटे हैकथॉन' के आयोजन के लिए एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, इंदौर के प्रस्ताव को A2K+ इवेंट कार्यक्रम के तहत सहयोग दिया गया है।

• ए2के+ कार्यक्रम हेतु तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक 30 मई, 2024 को आयोजित की गई। आवेदक संगठनों द्वारा दी गई प्रस्तुति और आयोजित विचार विमर्श के आधार पर समिति ने 04 प्रस्तावों की सिफारिश की।

ए2के+ अध्ययन:

ए2के+ अध्ययन कार्यक्रम हेतु तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की बैठक 22 मई, 2024 को ए2के+ अध्ययन के तहत प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित की गई थी। अठारह (18) प्रस्तावों का मूल्यांकन दो विषयों के तहत किया गया, अर्थात, (i) सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा (सस्ती, विश्वसनीय, टिकाऊ और आधुनिक ऊर्जा तक पहुँच सुनिश्चित करना) - स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा में नवाचार के लिए अनुसंधान और विकास सहायता और सार्वजनिक और निजी पूंजी जुटाना और (ii) भारत में औद्योगिक अनुसंधान और विकास और नवाचार परिदृश्य को मजबूत करने के लिए वित्त पोषण तंत्र। कार्यक्रम के तहत वित्त पोषण के लिए सात (07) प्रस्तावों की सिफारिश की गई थी।

• निम्नलिखित अध्ययनों से संबंधित परियोजना मार्गदर्शन सह समीक्षा समिति (पीजीआरसी) की बैठकें/चर्चाएं आयोजित की गईं:

• "भारत में शिक्षा जगत, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योग में विकसित टीआरएल-6 और उससे ऊपर की प्रौद्योगिकियों का तकनीकी-व्यावसायिक मूल्यांकन", ए2के+ अध्ययन कार्यक्रम के तहत फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली द्वारा समर्थित, 13 मई, 2024 को आयोजित किया गया था।

• "उन्नत निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकी पर ज्ञान तक पहुंच को सक्षम करने के लिए एक विस्तृत अध्ययन ऊर्जा कुशल भवनों की दिशा में डिजाइन", ए2के + अध्ययन कार्यक्रम के तहत ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी), नई दिल्ली को सहयोग दिया गया, जिसका आयोजन 15 मई, 2024 को किया गया।

• “मैकेनिक की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं में मशीन लर्निंग”, आईआईटी , तिरुपति को सहयोग दिया गया जिसका आयोजन 16 मई 2024 को किया गया।

• “विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों सहित शिक्षार्थियों की एक विस्तृत श्रृंखला की पूर्ति करने वाले आईसीटी उपकरणों से संबंधित एक रिपोर्ट” ए2के+ अध्ययन कार्यक्रम के तहत SIMS, पुणे को सहयोग दिया गया जिसका आयोजन 20 मई, 2024 को किया गया।

महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्ल्यू/ए2के +:

• चंद्रपुर जिले में महिला किसानों की आय सृजन के लिए प्रकृति का उपहार "0" कैलोरी बायो-स्वीटनर - स्टीविया का संवर्धन" नामक परियोजना की वित्तीय और तकनीकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए परियोजना समीक्षा समिति (पीआरसी) की बैठक डीएसआईआर की ए2के+ योजना के टीडीयूपीडब्ल्यू कार्यक्रम के अंतर्गत एएफओआरडी, चंद्रपुर जिले, महाराष्ट्र को सहायता दिया गया, जो 24 मई, 2024 को आयोजित की गई थी।

• ए2के+टीडीयूपीडब्ल्यू कार्यक्रम के अंतर्गत मयूबंज जैविक अनुसंधान (एमबीआर), बारीपदा, ओडिशा द्वारा शुरू की गई परियोजना "आदिवासी बहुल मयूरभंज जिले, बारीपदा, ओडिशा में रेशमकीट पालन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण" की तकनीकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए पीआरसी विशेषज्ञों द्वारा परियोजना कार्यान्वयन स्थल (अलुबोनी और मुद्राजोडी गाँव, बारीपदा, ओडिशा) का दौरा 14 मई, 2024 को किया गया।

प्रौद्योगिकी के उपयोग और प्रचार-प्रसार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जारी विभिन्न टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजनाओं के अंतर्गत 173 महिला लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

एशियाई और प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):

विभाग ने कजाकिस्तान में स्थापित किए जाने वाले सतत विकास के लिए यूएन-इसकैप डिजिटल समाधान केंद्र (डीएससीएसडी) की अवधारणा पर कजाकिस्तान सरकार के व्याख्यात्मक नोट पर भारतीय दूतावास, बैंकॉक, वाणिज्य विभाग और विदेश मंत्रालय को व्याख्यान दिया। विभाग ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में डिजिटल समावेशन और परिवर्तन पर अस्ताना मंत्रिस्तरीय घोषणा पर भी व्याख्यान दिया।

स्वच्छता पखवाड़ा:

स्वच्छता और स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयास में, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) ने 1 मई से 15 मई, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान शुरू किया। स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन 1 मई 2024 को स्वच्छता शपथ

दिलाकर डीएसआईआर के सचिव और सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेलवी ने किया। विभाग ने 8 मई, 2024 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), एनसीईआरटी परिसर, दिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाया।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम

सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)

सीईएल डीएसआईआर के तहत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों का व्यावसायिक उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से देश में पहली बार कई उत्पादों का विकास किया है और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर जोर देना जारी रखा है।

- कंपनी ने मई माह के दौरान 1433.10 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/सिस्टम/एसपीवी उत्पादों का निर्माण किया।

- मई माह के दौरान 1660.55 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/सिस्टम/एसपीवी मूल्य की वस्तुओं की बिक्री हुई।

राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)

- एनआरडीसी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों और व्यक्तिगत अन्वेषकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों का पोषण करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ़ बनाने पर जोर देना जारी रखा है।

- निगम ने इस अवधि के दौरान नौ प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस दिया:

o पांच प्रौद्योगिकियां अर्थात् रोट-फिक्स-शहतूत में रोग के नियंत्रण हेतु एक व्यापक स्पेक्ट्रम पर्यावरण अनुकूल सूत्रीकरण, अमृत- ग्रासरी और फ्लेचरी दोनों रोगों के नियंत्रण के लिए पर्यावरण अनुकूल सूत्रीकरण, उजीट्रैप- मक्खी को आकर्षित करने और मारने के लिए एक अद्वितीय पर्यावरण अनुकूल सूत्रीकरण, नेमाहारी- जड़ गांठ के नियंत्रण के लिए एक प्रभावी

पौधा आधारित सूत्रीकरण और विजेता- रेशमकीट बिस्तर कीटाणुनाशक मेसर्स अनिल इंडस्ट्रीज, कर्नाटक।

o दो प्रौद्योगिकियां अर्थात् यूजीट्रैप - मक्खी को आकर्षित करने और मारने के लिए एक अद्वितीय पर्यावरण अनुकूल सूत्रीकरण और सेरिसिलिन - मेसर्स रेनबो एग्रो वेट सेरी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को लागत प्रभावी रेशमकीट बिस्तर कीटाणुनाशक।

o एक प्रौद्योगिकी जिसका नाम है नारी - संक्रमण निरोधक और बायोडिग्रेडेबल हर्बल सैनिटरी नैपकिन, मेसर्स एसएस क्रिएशंस (फेमिजीन), नई दिल्ली।

o स्टीविया की खेती के लिए हाइड्रोपोनिक तकनीक नामक एक तकनीक सात्विक एग्रीटेक लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को दी गई।

• निगम ने इस अवधि के दौरान 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:

o इलाहाबाद विश्वविद्यालय
o बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी
o प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई)
o केरल मेडटेक कंसोर्टियम (केएमटीसी)
o जामिया हमदर्द
o सेंटर ऑफ बायो मेडिकल रिसर्च

• एनआरडीसी और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), नई दिल्ली ने एनसीसीएफ मुख्यालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके रणनीतिक सहयोग को औपचारिक रूप दिया।

• एनआरडीसी भुवनेश्वर ने यूके आईपीओ के सहयोग से "नवाचार सहयोग के अवसर" पर गोलमेज सम्मेलन का अपना पहला आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत में यूके के उप उच्चायुक्त डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग, एनआरडीसी के सीएमडी, विशेष सचिव उपस्थित थे।

• एनआरडीसी द्वारा तकनीक सत्यापन और अनुसंधान व्यावसायीकरण के लिए स्थानीय पारिस्थितिकी प्रणालियों का लाभ उठाने पर अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए उसे इंडो-ऑस्ट्रेलियाई राइज़ एक्सेलेरेटर कार्यक्रम के तहत नीति आयोग और सीएसआईआरओ, ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित कार्यशाला में सम्मानित किया गया।

• निगम ने माह के दौरान उद्योगों को प्रौद्योगिकियों के लाइसेंस के लिए 27.35 लाख रुपये का प्रीमियम एकत्र किया।